01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,मंगलवार,24जून2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com

## दुनिया के सबसे बड़े कैमरे में दिखा ब्रह्मांड का अद्भुत नजारा

चिली के वेरा सी. रूबिन ऑब्जर्वेटरी में लगे दुनिया के सबसे बड़े 3,200 मेगापिक्सल वाले डिजिटल कैमरे ने पहली बार ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें भेजी हैं। इसमें ट्रिफिड नेबुला, लैगून नेबुला और विर्गो क्लस्टर की शानदार झलक मिली। यह कैमरा अगले 10 वर्षों तक हर तीन दिन में पूरे आसमान की तस्वीरें लेगा और 20 अरब आकाशगंगाओं का रिकॉर्ड तैयार करेगा। ब्रह्मांड की रहस्यमयी दुनिया को समझने की इंसानी कोशिश एक नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। चिली के वेरा सी. रूबिन ऑब्जर्वेटरी में लगे दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कैमरे ने पहली बार अंतरिक्ष की ऐसी तस्वीरें भेजी हैं, जिन्हें देखकर पूरी दुनिया हैरान है। 3,200 मेगापिक्सल क्षमता वाला यह कैमरा अब तक का सबसे शक्तिशाली और उन्नत उपकरण है, जिसने ब्रह्मांड की अनदेखी झलक को हमारे सामने रखी है। इस ऐतिहासिक कैमरे ने जो पहली तस्वीरें भेजी हैं, उनमें ट्रिफिड नेबुला और लैगून नेबुला की अद्भुत फोटो शामिल हैं। गुलाबी और नारंगी रंगों में चमकते ये क्षेत्र हमारी मिल्की वे आकाशगंगा के हजारों प्रकाश वर्ष दूर स्थित हैं, जहां नए सितारों का निर्माण हो रहा है। यह तस्वीरें सात घंटे में 678 एक्सपोजर के जरिए ली गईं। इसके अलावा कैमरे ने विर्गो क्लस्टर की भी



तस्वीर भेजी है, जिसमें अरबों आकाशगंगाएं दिखाई देती हैं। यह क्लस्टर आकार में हमारी मिल्की वे से करीब 100 अरब गुना बड़ा है।एलएसएसटी (लेगेसी सर्वे ऑफ स्पेस ऐंड टाइम) नाम का यह कैमरा केवल आकार में ही बड़ा नहीं, बल्कि इसकी क्षमता भी अविश्वसनीय है। जहां आम स्मार्टफोन कैमरे 50 मेगापिक्सल तक होते हैं, वहीं एलएसएसटी कैमरा 3,200 मेगापिक्सल का है। इसका आकार एक छोटी कार जितना है और वजन करीब 2,800 किलो है। इसे चिली की पहाड़ी पर इसलिए स्थापित किया गया क्योंकि वहां का सूखा वातावरण और साफ आसमान गहरे अंतरिक्ष की स्पष्ट तस्वीरें लेने के लिए

## चांद पर दूसरी बार भी नहीं पहुंच पाई जापानी कंपनी

जापानी कंपनी आईस्पेस का मून लैंडर एक बार फिर चांद पर क्रैश हो गया। कंपनी ने बताया कि लेजर तकनीक में गड़बड़ी के कारण लैंडर तेजी से गिरा और संपर्क टूट गया। इससे पहले 2023 में भी आईस्पेस का मिशन असफल रहा था। नासा ने दुर्घटनास्थल की तस्वीरें जारी की हैं। बावजूद इसके, कंपनी 2027 में तीसरी कोशिश करेगी, जिसमें नासा सहयोग करेगा।जापान की निजी अंतरिक्ष कंपनी आईस्पेस को एक बार फिर चांद पर उतरने में नाकामी हाथ लगी है। कंपनी का मून लैंडर लचीलेपन की वजह से फिर चांद



की सतह से टकराकर चकनाचूर हो गया। मंगलवार को टोक्यो से कंपनी ने इस हादसे की वजह बताते हुए कहा कि इस बार गलती लैंडर की लेजर नेविगेशन तकनीक में थी। इससे पहले भी आईस्पेस का पहला मून मिशन 2023 में असफल रहा था।कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि लैंडर चांद के उत्तर दिशा में स्थित 'मारे फ्रिगोरिस' या 'सी ऑफ कोल्ड' क्षेत्र में उतरने जा रहा था। लेकिन लेजर रेंज फाइंडर यानी वह उपकरण जो जमीन से दूरी मापता है, उसने सही जानकारी नहीं दी। इसी कारण लैंडर बहुत तेज रफ्तार से नीचे आता रहा। जब तक इसकी गलती समझ में आती, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लैंडर 138 फीट प्रति सेकंड (करीब 42 मीटर प्रति सेकंड) की रफ्तार से नीचे गिर रहा था और कुछ ही सेकंड में उसका संपर्क टूट गया।

## एशिया वैश्विक औसत से दोगुनी गति से हो रहा गर्म



रिपोर्ट बताती है कि 1961–1990 और 1991–2024 की दो प्रमुख अवधि में आर्कटिक तक फैले सबसे बड़े भूभाग वाले महाद्वीप एशिया की धरती और महासागर औसत से अधिक तेजी से गर्म हुए। इसका क्षेत्र आर्कटिक तक फैला होने के कारण इसकी जलवायु संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साल 2024 में एशिया का औसत तापमान 1991–2020 के औसत से 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था।विश्व की लगभग 60 फीसदी आबादी वाले दुनिया के सबसे बड़े महाद्वीप एशिया का तापमान वैश्विक औसत के मुकाबले लगभग दो गुना तेजी से बढ़ रहा है। यह खुलासा सोमवार को जारी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की 2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में हुआ है। इसके मुताबिक, एशिया के समुद्री सतह तापमान में भी बीते दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी रफ्तार से बढ़ोतरी हुई रिपोर्ट बताती है कि 1961–1990 और 1991–2024 की दो प्रमुख अवधि में आर्कटिक तक फैले सबसे बड़े भूभाग वाले महाद्वीप एशिया की धरती और महासागर औसत से अधिक तेजी से गर्म हुए। इसका क्षेत्र आर्कटिक तक फैला होने के कारण इसकी जलवायु संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साल 2024 में एशिया का औसत तापमान 1991–2020 के औसत से 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह डाटा सेट के आधार पर इसे रिकॉर्ड पर सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म साल बनाता है। इस वर्ष क्षेत्र के कई हिस्सों में अत्यधिक गर्मी की घटनाएं देखी गईं।एशिया के कई हिस्सों में लंबे समय तक चलने वाली भीषण गर्मी देखी गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया (जैसे जापान, कोरिया और चीन) में

## Weather and Monsoon Update

### आज दिल्ली पहुंचेगा मानसून, IMD ने कहा- यूपी-मध्य प्रदेश में भी भारी बारिश के आसार




मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक आज मानसून के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। IMD ने कहा कि यूपी और मध्य प्रदेश में भी भारी बारिश के आसार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड में मौसम बदलने के बाद भूस्खलन के कारण दो लोगों की मौत की खबर है। यहां बदरीनाथ हाईवे मलबा गिरने से बाधित हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक कई राज्यों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। जानिए आपके राज्य में कैसा रहेगा मौसमराष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को मानसून के पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने गरज के साथ भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों में मूसलाधार बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के राज्यों में भी जमकर मेघ बरस रहे हैं। भारी बारिश के कारण पहाड़ों पर लगातार भूस्खलन हो रहा है। सोमवार को उत्तराखंड में यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग भूस्खलन में एक श्रद्धालु घायल हो गया, जबकि तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है, जिनकी तलाश की जा रही है।

## Axiom-4

### कल लॉन्च होगा शुभांशु शुक्ला का एक्सिओम मिशन; छह बार आईं रुकावटों के बाद अंतरिक्ष में उड़ान को तैयार



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 25 जून को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना होंगे। छह बार तकनीकी खामियों के कारण टलने के बाद अब लॉन्चिंग तय हुई है। मिशन में स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट और ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट इस्तेमाल होगा। करीब 14 दिन तक अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर रहकर वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे।भारत के अंतरिक्ष मिशन में एक बड़ा और ऐतिहासिक दिन आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होंगे। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक्सिओम-4 मिशन अब 25 जून को लॉन्

# Aaj Ka Rashifal 24 June

## मिथुन सहित इन राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहेगा दिन, पढ़ें 24 जून का राशिफल

24 June Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 24 जून 2025 का राशिफल। 24 जून, मंगलवार के दिन आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि है



### मेष राशि
आज आपके कामों से आपकी छवि और निखरेगी। आपकी अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा। बिजनेस में आप कोई नई योजना की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपने कोई निवेश किया था, तो आपको लाभ होगा। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर सदस्यों के साथ मिल बैठकर बातचीत करेंगे। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

### वृषभ राशि
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थियों ने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपको नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आप अपनी माताजी से यदि कोई वादा करें, तो उसे समय से पूरा करने की कोशिश करें।

### मिथुन राशि
आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशियां लेकर आने वाला है। मान-सम्मान बढ़ने से खुशी होगी। आपको अपनी बुद्धि व विवेक से कोई निर्णय थोड़ा सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। आपका कोई प्रिय मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

### कर्क राशि
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको बिजनेस में भी कोई अच्छी सफलता मिलने से आप किसी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### सिंह राशि
आज का दिन आपके लिए सुख व समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। पारिवारिक रिश्ता में यदि किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपके लिए सिर दर्द बना हुआ था, तो आपकी वह समस्या दूर होगी। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें।

### कन्या राशि
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स में लगे रहेंगे। किसी नए घर मकान आदि की आप खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन लेना चाहते हैं, तो वह आपको मिल सकता है।

### तुला राशि
आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से ताजगी लेकर आएगा। आपकी किसी पुरानी समस्या के उभरने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान आपसे किसी चीज को फरमाइश कर सकती हैं, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आपका मन किसी काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेगा। आपके कुछ खर्च आपकी टेंशन को बढ़ा सकते हैं। आप अपनी आवश्यकताओं की पुर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे, लेकिन आप अपनी इनकम को ध्यान में रख कर व्यय करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

### वृश्चिक राशि
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। संतान के करियर में आज अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको अपने बिजनेस में थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। धन को लेकर आप योजना बनाकर चले, तो आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखें और यदि आपने किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते

### धनु राशि
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके कामों में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी और आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने सभी कामों का आसानी से निपटाने की कोशिश करेंगे। काम को लेकर आपको यात्राएं भी करनी पड़ सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में संयम रखने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी कोई बात घर के बाहर किसी को बुरी लग सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वास्थ्य स्वार्थ समझ सकते हैं।

### मकर राशि
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको माता-पिता की सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के लिए आप कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं। आपके धन धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी संतान आपके लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकते है। आप यदि किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर रहे थे, तो वहां से आपको बुलावा आ सकता है।

### कुंभ राशि
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की छवि और निखरेगी, उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं। कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो आप उसे निपटाने की पूरी कोशिश करेंगे।

### मीन राशि
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका अपनी संतान से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो सकता है, जिसमें आपको उनकी भावनाओं पर ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहना होगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

24 जून, मंगलवार के दिन आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि है। साथ आज के दिन रोहिणी नक्षत्र और शूल योग का संयोग रहेगा। आज के दिन कुछ राशि वालों पर हनुमान जी विशेष रूप मेहरबान होंगे। आज के दिन कुछ राशि वालों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि देखने को मिलेगी। वहीं कुछ राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं।

# UP: टेक ऑफ से पहले हुआ कुछ ऐसा

**पायलट की सूझबूझ से बची 177 यात्रियों की जान; एअर इंडिया की दो उड़ानें रद्द:** टेक ऑफ से पहले विमान में कुछ खामी आ गई। पायलट ने अच्छी सूझबूझ दिखाई। इससे 177 यात्रियों की जान बची। वहीं लखनऊ से दिल्ली आने-जाने वाली एअर इंडिया की दो उड़ानें 25 दिनों के लिए रद्द की




राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से दिल्ली आने व जाने वाली एअर इंडिया की दो उड़ानें 25 दिनों के लिए रद्द की गई हैं। ये उड़ानें 21 जून से 15 जुलाई तक निरस्त रहेंगी। एअर इंडिया की उड़ान एआई 2460 दिल्ली से रात 8:55 बजे चलकर रात 10:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचती है। वापसी में ये उड़ान संख्या एआई 2461 रात 10:55 बजे लखनऊ से रवाना होकर रात 12:20 बजे दिल्ली पहुंचती है। दोनों तरफ की उड़ानें निरस्त हुई हैं। एअरलाइन ने इसका कारण ऑपरेशनल बताया है।चंडीगढ़ स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय बड़ा हादसा होने से बच गया, जब लखनऊ जाने वाली इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट 6ई146 में उड़ान भरने से ठीक पहले विमान में तकनीकी खामी पकड़ी गई। पायलट की सतर्कता से विमान समय रहते रोक दिया गया। इसमें सवार 177 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बोर्डिंग के बाद फ्लाइट रद्द किए जाने से यात्रियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। करीब एक घंटे तक किसी ने उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इससे यात्री जमीन पर बैठकर इंतजार करते रहे।बताया गया कि यह फ्लाइट सुबह 7:10 बजे रवाना होने वाली थी। सभी यात्री बोर्डिंग पूरी कर विमान में सवार हो चुके थे। विमान धीरे-धीरे पार्किंग एरिया से रनवे की ओर जा रहा था, तभी पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का आभास हुआ। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पायलट ने तत्काल निर्णय लिया और विमान को वापस पार्किंग क्षेत्र में लाकर सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। बोर्डिंग के बाद फ्लाइट रद्द किए जाने से यात्रियों में भारी नाराजगी देखने को मिली।

# दिव्या थी बार डांसर,

**बताती मैनेजर प्रेमी के साथ अश्लील डांस का वीडियो पति को भेजा,** इस कारण मगन ने की खुदकुशी डोभ में मगन की आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस ने परिजनों से बात कर कुछ दस्तावेज एकत्र किए। वहीं, सोशल मीडिया अकाउंट और मोबाइल से भी कई साक्ष्य जुटाए गए हैं।





रोहतक के बहुअकबरपुर थाना क्षेत्र के डोभ निवासी मगन उर्फ अजय के आत्महत्या प्रकरण में एक नया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो खुद दिव्या ने ही पति मगन को फोन पर भेजा था। परिजन बता रहे हैं कि इसी वीडियो को देखने के बाद मगन पूरी तरह टूट गया और उसने आत्महत्या का कदम उठाया।वह यह तो समझता था कि दिव्या की किसी दीपक नाम के व्यक्ति से मित्रता है, लेकिन उससे इतनी गहरी मित्रता है कि वह कमरे में साथ डांस भी कर सकती है, इसकी जानकारी नहीं थी। वहीं, आरोपी दिव्या व दीपक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने सुबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने पड़ताल की तो मगन के फोन में एक वीडियो मिला। इसमें दिव्या प्रेमी दीपक के साथ होटल के कमरे में छोटे कपड़ों में डांस करती दिख रही है, जबकि डोभ या दिल्ली में उसने ऐसी ड्रेस कभी नहीं पहनी। परिवार के लोग इस वीडियो को हाल ही में भेजा हुआ बता रहे हैं। इसके बाद से मगन तनाव में था। उसने दिव्या को खुश करने के लिए हर संभव कोशिश की और उनके हर तरह के दबाव को झेलता रहा।डोभ में मगन की आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस ने परिजनों से बात कर कुछ दस्तावेज एकत्र किए। वहीं, सोशल मीडिया अकाउंट और मोबाइल से भी कई साक्ष्य जुटाए गए हैं।

